# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गायत्री परिवार ने नशे से बचने की दी समझाइश

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 31 मई. अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला बैतूल ने शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देश पर युवाओं को नशे से बचाने और नशे के दुष्परिणाम से परिचित करने के उद्देश्य से एक संक्षिप्त रैली और नशा मुक्ति प्रदर्शनी का आयोजन किया।**

**मुख्यमंत्री के नाम सौपा ज्ञापन**

**नशा मुक्ति प्रदर्शनी का किया आयोजन**



गायत्री परिवार द्वारा जिले भर की सभी तहसीलों में इस अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए। जिला मुख्यालय पर सबसे पहले एक कुंडी व्यसन मुक्ति गायत्री यज्ञ सबको सद्बुद्धि हेतु संपन्न हुआ। उसके पश्चात गायत्री परिवार के परिजन हाथ में तख्तियां और बैनर लेकर नारे लगाते हुए संयुक्त तहसील कार्यालय पहुंचे। वहां पर तहसीलदार श्याम सिंह उइके को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नशे के जाल में फंसने वाले बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सरकार से अपील की गई है कि स्कूलों, कॉलेजो, अस्पतालो, सार्वजनिक स्थलों पर नशे बेचने वाली गुमटियो पर प्रतिबंध लगाया जाए। इस अवसर पर गायत्री परिवार के जिला संयोजक रविशंकर पारखे ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा देशभर में तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान चलाया गया जिसमें रेलियां, प्रदर्शनी, जन जागरूकता, सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को पर्चे वितरण, नुक्कड़ नाटक आदि माध्यमों से नशे के दुष्परिणाम और नुकसानों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि गायत्री परिवार साल भर अपने रचनात्मक कार्यक्रमों में इस अभियान को विशेष रूप से चलाते हैं। जिससे प्रभावित होकर अनेक लोग सुधरते हैं और अपने परिवार को बर्बाद होने से बचाते है। व्यसन मुक्ति रैली और ज्ञापन के पश्चात बैतूल बस स्टैंड पर प्रदर्शनी लगाकर यात्रियों को नशा न करने की समझाइस दी गई। जिला सह समन्वयक राजकुमार पालीवाल ने नशे के खर्चो को सृजन में लगाने की बात कही। शशि जागरे ने नशे से होने वाली बीमारियों और घर की समस्याओं से लोगों को जागरूक किया। बडोरा प्रज्ञा मंडल के पांडुरंग चिलहाटे ने गायत्री परिवार द्वारा नशे के विरुद्ध किए जा रहे अभियानों और प्रयासों से लोगों को परिचित कराया। कार्यक्रम में जिला समन्वय समिति गायत्री परिवार के हरबंश आहूजा, अनूप वर्मा, अजय पवार, सुरेश पांसे, देवेंद्र साहू, धर्मेंद्र कौशिक, आशीष कोकने, उदल पवार, श्रीमती शालू पांसे, सुमित्रा चिलहाटे, आशीष पटैया व अन्य परिजनों ने सहयोग प्रदान किया।

**जागरूकता गतिविधियों का आयोजन :** बैतूल। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर 31 मई को जिला मुख्यालय सहित जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बैतूल में आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के मुख्य आतिथ्य में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया।

## नशा, मेहनत और राष्ट्रप्रेम का करो : खंडेलवाल

बैतूल। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में ब्रह्मकुमारीज़ द्वारा आयोजित समर कैंप में सहभागी बच्चों, राजयोगियों तथा संस्था से जुड़े सैकड़ों भाई-बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। रैली का मुख्य आकर्षण नशे की जंजीरों में जकड़ी भारत माता की प्रेरणादायी झांकी रही। जिसने लोगों का ध्यान आकर्षित करते हुए नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन जागरण का प्रभावशाली संदेश दिया। रैली के दौरान बच्चों ने नशा मुक्ति संबंधी नारों एवं संदेशों के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सेवा केंद्र प्रभारी बीके मंजू दीदी ने कहा कि तंबाकू एवं अन्य प्रकार के नशे व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए घातक हैं।

## रैली, हस्ताक्षर अभियान, भाषण प्रतियोगिता कर नशे के प्रति किया सतर्क

बैतूल। शासकीय महाविद्यालय घोड़ाडोंगरी मे विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर रविवार को नशा मुक्ति एवं तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा सभी ने तम्बाकू एवं अन्य नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन प्रभारी, नगर पालिका परिषद सारणी रंजीत सिंह डोंगरे ने तम्बाकू सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक हानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। ब्लॉक समन्वयक, मप्र जन अभियान परिषद घोड़ाडोंगरी एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता संतोष सिंह राजपूत ने युवाओं से नशामुक्त जीवन अपनाने का आव्हान किया। इस अवसर पर विजय मेहता, संगीता उघड़े, जतिन प्रजापति, बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं एवं नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में तम्बाकू निषेध जागरूकता रैली निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन को तम्बाकू एवं नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

### एक नजर में


## गांव की बेटी का पुलिस में चयन, किया सम्मान

**मुलताई।** विकासखंड प्रभात पट्टन अंतर्गत ग्राम कुमुदरा निवासी आदिवासी परिवार की बेटी का मध्य प्रदेश पुलिस में चयन होने पर प्रभात पट्टन जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल एवं ग्रामीणों द्वारा गांव की बेटी का सम्मान किया। ग्राम कुमुदरा में गरीब आदिवासी बाबाराव मसकोले पुत्री अंकिता मसकोले का पुलिस में चयन होने पर प्रभात जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनाली विनोद पटेल एंव ग्रामीणों द्वारा बेटी एवं उसके माता-पिता का सम्मान किया गया।

## रांगोली से बताया नशा नाश की जड़

**बैतूल।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय, शाहपुर में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से नवोदित ग्रामोत्थान महिला एवं बाल विकास समिति द्वारा जागरूकता कार्यशाला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक संतोष राजपूत ने तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों तथा युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से तंबाकू एवं अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर तंबाकू निषेध विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने आकर्षक एवं संदेशात्मक रंगोलियों के माध्यम से तंबाकू मुक्त समाज का संदेश दिया। उपस्थित वक्ताओं ने तंबाकू सेवन से होने वाली बीमारियों एवं उसके दुष्परिणामों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित जनों को तंबाकू एवं नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ दिलाई गई साथ ही जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने तंबाकू निषेध संबंधी नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम एमएसडब्ल्यू. एवं बीएसडब्ल्यू से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता एवं देवेंद्र कदम, बसंत बरेले उपस्थित रहे।

# अपराध : आठनेर पेट्रोल पंप पर डकैती का प्रयास असफल



**आठनेर।** बैतूल रोड पर गुनखेड़ के पास स्थित इंडियन ऑयल कंपनी के पेट्रोल पंप बीपी आवठे एनर्जी स्टेशन पर दो चोरों ने डकैती की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया, किंतु ऑफिस में कर्मचारी सोए होने के कारण घटना को अंजाम नहीं दे पाए। कर्मचारी मुकेश बेले एवं संजीव युवने ने बताया कि वह ऑफिस में सोए हुए थे, जिसके कारण वह कांच नहीं तोड़ पाए। बाद में पंप की मशीनों को छेड़छाड़ कर पेट्रोल चुराने का प्रयास किया। असफल होने के बाद उन्होंने पंप के कर्मचारी मुकेश बेल की मोटरसाइकिल एमपी 48 एमबी 2520 से पेट्रोल चुराकर कर अपनी गाड़ी में डाला। बाद में मुकेश की गाड़ी का ताला तोड़कर आठनेर बस्ती की ओर ले भागे। दूसरे दिन सीसीटीवी खगोलने पर ज्ञात हुआ कि दो अज्ञात व्यक्ति नशे की हालत में आपस में गोंडी भाषा में बात कर रहे थे। जिन्होंने ऑफिस का कांच तोड़कर रुपए चुराने का भी प्रयास किया, किंतु कर्मचारी होने के कारण वह अपनी योजना में सफल नहीं हो पाए। पंप संचालक ने उक्त घटना की शिकायत एवं सीसीटीवी फुटेज थाना प्रभारी को दिखाएं, जिसमें उक्त घटना को अंजाम देते हुए आरोपी दिखाई दे रहे है। जिन्होंने त्वरित कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार करने की बात की है। घटना से आठनेर क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों एवं कर्मचारियों में भय का वातावरण बना हुआ है। पंप संचालकों ने शीघ्र कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

**इनका कहना है**

-आरोपी देहात क्षेत्र के आदिवासी समुदाय के आदतन अपराधी हो सकते हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए शीघ्र गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

**विकास पटेल, थाना प्रभारी आठनेर**

# भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद अध्यक्ष आमने सामने

**पार्षद के आरोपों का अध्यक्ष ने किया खंडन**

**पार्षद ने लगाया था देरी से बुलाने का आरोप**

**मुलताई।** नगर के महावीर वार्ड में शनिवार को सुबह 11 बजे से पेवर ब्लॉक लगाने के भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद वंदना साहू को आमत्रंण की सूचना देर से दिए जाने से नाराज पार्षद वंदना साहू ने इसे महिला जनप्रतिनिधि का अपमान बताते हुए इसे विधायक की मौन स्वीकृति बताई थी, वहीं उन्होंने वीडियो के माध्यम से अध्यक्ष नीतू परमार को उनकी वजह से ही अध्यक्ष पद प्राप्त होने की बात कहते हुए अध्यक्ष को बिन पेंदी की लोटी कहा था,उक्त वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष नीतू परमार ने वंदना साहू के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि महावीर वार्ड पार्षद वंदना साहू को कर्मचारियों द्वारा कार्यक्रम की एक दिन पहले सभी पार्षदों के साथ सूचना गई थी। मेरे द्वारा किसी प्रकार का भेदभाव नही किया गया। लेकिन उनका अहंकार महावीर वार्ड की जनता जनता जनार्दन से बड़ा है। महावीर वार्ड में जैन समाज मंदिर में प्रागण में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्यक्रम था,जिसजे भूमि पूजन में ना आना उनका सबसे बड़ा अपमान है, जिसे जनता भूलेगी नही। एक जनप्रतिनिधि को अपना अहंकार एक तरफ रखकर जनता की सेवा मद सदैव तत्पर रहना चाहिए।उन्होने कभी किसी वार्ड के साथ भेदभाव नही किया, जिसका उदाहरण है कि उन्होने महावीर वार्ड में आरसीसी नाले का निर्माण एवं पेवर ब्लॉक का कार्य चालू किया।मै राजनीति से ऊपर उठकर सेवा करना चाहती हूं,आपके आरोप प्रत्यारोप मेरा हौसला नही तोड़ सकते।

# लोक माता अहिल्या बाई का जीवन हमारे लिए आदर्श : पंवार

**बैतूल।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जन्म जयंती आज जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन बैतूल में उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पाल समाज के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई के जीवन और कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अहिल्याबाई होलकर ने नारी शक्ति को आत्म निर्भर बनाने का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया। उनके शासनकाल में न्याय, धर्म और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली। उन्होंने देशभर में मंदिरों और धर्मशालाओं का निर्माण कर सनातन संस्कृति को बचाए रखने का काम किया। श्री पवार ने कहा कि अहिल्याबाई के आदर्श आज भी हमें सुशासन और समाज सेवा की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में पाल समाज के पदाधिकारियों ने भी देवी अहिल्याबाई के जीवन दर्शन को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्णा गायकी, डा.महेन्द्रसिंह चौहान, जिलाउपाध्यक्ष इंद्रपाल पुण्डे सहित बडी संख्या में पदाधिकारी एवं सामाजिक बंधुगण उपस्थित थें।

# जांच के नाम हाईवे किया जा रहा है बाधित



**मुलताई।** नेशनल हाईवे मुलताई बैतूल रोड पर आरटीओ चेक पोस्ट ससुंद्रा के सामन परिवहन विभाग विभाग द्वारा बेरीकेड्स लगाकर हाईवे से वाहनों की जांच के नाम पर हाईवे बाधित किया जा रहा है। इस संबंध मे विभाग द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियो से अनुमति नही ली गई है। जिससे हाईवे पर वाहन चालकों को लोगो परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वहीं हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर इस तरह से बैरिकेट लगाने के संबध में विभाग को राष्ट्रीय राजमार्ग से अनुमति लेना आवश्यक है। लेकिन संबधित विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई अनुमति प्राप्त नही की गई है। इस संबध में जानकारी रख़ने वाले जानकारों का मानना है राष्ट्रीय राजमार्ग को बिना अनुमति किसी भी प्रकार अवरूद्ध नही किया जा सकता, यदि परिवहन विभाग के अधिकारी वाहनों की जांच करते है तो उन्हें हाइवे छोड़कर चेकपोस्ट पर वाहन जांच की जानी चाहिए, जबकि यह देखने में आया है कि आरटीओ चेक पोस्ट के सामने जिले से बाहरी व्यक्ति जो परिवहन ने लगाए जाना बताया है, वे खाकी कपड़े पहनकर हाईवे पर वाहनो को रोक रहे है, जिससे हाईवे बाधित हो रहा है, वहीं हाईवे से आने जाने वाले वाहन चालको को परेशानी का सामना पड़ रहा है। वहीं हमेशा ही दुर्घटना का भय बना रहता है, जो कि नियम विरुद्ध है।लेकिन परिवहन विभाग इसे चेक पाइंट बता रहा है।

**इनका कहना है**

बैरिकेट लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रोकने की कोई अनुमति विभाग से नही ली गई।

**युनुस खान, प्रबंधक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण नागपुर**

# ई टोकन और खाद के लिये भटक रहे किसान

**भैंसदेही।** प्रदेश कि स्वयं को किसान हितैषी कहने वाली सरकार में क्षेत्र का किसान आवश्यकता के अनुसार खाद के लिये बीते एक पखवाड़े से आदिम जाति सहकारी समितियों और खाद विक्रय केन्द्रों के साथ साथ नैट कैफ़ के काउंटर से बिना खाद और कूपन के बैरंग लौट रहे हैं। एक ओर जहां यूरिया और अन्य रासायनिक खादों की कालाबाजारी रोकने और जमीन की क्षमता के अनुसार खाद के उपयोग तथा वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मंशा लिए सरकार ने ई वितरण खाद्य प्रणाली लागू की, वहीं खाद की उपलब्धता और मांग आपूर्ति के बीच के अंतर को सुलभ बनाने में सरकार की नाकामी स्पषट रूप से सामने आ रही है। जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां डीएपी और यूरिया को छोड़ सभी खादों के दाम पिछले वर्ष की तुलना में बढ़े हैं, उस पर समय से इनका न उपलब्ध हो पाना चिंता का विषय है। खरीफ फसलों के लिये तय मानक के अनुसार भी खाद का संग्रह ना हो पाना बड़ी समस्या है। एक एक खातेदार को कई चक्कर समितियों के दफ्तर और गोडाऊनो के काटकर भीषण गर्मी में खाली हाथ घर लौटना पड़ रहा है।

# घोड़ाडोंगरी में नल जल योजना ठप, ग्रामीण परेशान



**बैतूल।** घोड़ाडोंगरी जनपद पंचायत क्षेत्र के अधिकांश गांवों में शासन द्वारा चलाई जा रही नल जल योजना तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी बदहाली की शिकार है। ठेकेदारों की मनमानी और अधिकारियों की लापरवाही के कारण करोड़ों रुपये की यह योजना कागजों पर सिमटकर रह गई है, जबकि ग्रामीण पीने के स्वच्छ पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, ज्यादातर गांवों में नल जल योजना का कार्य लंबे समय से बंद पडा हुआ है। ठेकेदारों से पूछताछ करने पर वे आज करेंगे, कल करेंगे कहकर टालमटोल का रवैया अपनाए हुए हैं। कुछ गांवों में जहां आंशिक काम हुआ है, वहां भी आधे हिस्से में पानी पहुंच रहा है, जबकि बाकी आधे गांव में नल पूरी तरह सूखे पड़े हैं। इसके अलावा, गांवों की पुरानी सीसी सड़कों को तोड़ा गया था, लेकिन उनका पुनर्निर्माण अब तक नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को रोजाना आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति शिवसागर, कटासुर, गोलई खुर्द और हीरापुर-1 सहित कई गांवों में न तो पानी की टंकियां बनी हैं और न ही पाइपलाइन बिछाई गई है। तीन साल से चल रहे इस प्रोजेक्ट में अब भी कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी (पीएचई) विभाग के अधिकारी शिकायतों पर केवल आश्वासन देने तक ही सीमित हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की मौन मुद्रा के चलते ठेकेदार खुलेआम मनमानी कर रहे हैं।

# दिखने लगे सकारात्मक परिणाम, माचना का बड़ा हिस्सा जलकुंभी मुक्त



**बैतूल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद बैतूल द्वारा माचना नदी को जलकुंभी मुक्त बनाने के लिए चलाया जा रहा विशेष अभियान तेजी से सफल होता दिखाई दे रहा है। अभियान प्रारंभ होने के मात्र दो दिनों के भीतर ही नदी के बड़े हिस्से से जलकुंभी को हटाने में सफलता प्राप्त हुई है, जिसके परिणामस्वरूप अब कई स्थानों पर नदी का स्वच्छ जल एवं प्राकृतिक प्रवाह स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। विगत कई वर्षों से माचना नदी जलकुंभी की गंभीर समस्या से जूझ रही थी। नदी का बड़ा क्षेत्र जलकुंभी से आच्छादित हो जाने के कारण जल प्रवाह बाधित हो रहा था तथा प्रदूषण, दुर्गंध और जलीय जीव-जंतुओं के अस्तित्व पर भी संकट उत्पन्न हो गया था। इस गंभीर समस्या के समाधान हेतु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने नदी संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रशासन को त्वरित, प्रभावी एवं पर्यावरण अनुकूल उपाय अपनाने के निर्देश दिए थे। माचना नदी को जलकुंभी मुक्त बनाने के लिए पूर्व में ग्रीन टाइगर संस्था के तरुण वैद्य एवं उनके साथियों सहित अनेक सामाजिक संस्थाओं, पर्यावरण प्रेमियों एवं जागरूक नागरिकों द्वारा लगातार प्रयास किए गए। समय-समय पर श्रमदान, जनजागरूकता अभियान एवं जलकुंभी हटाने के विभिन्न प्रयास भी किए गए, किंतु जलकुंभी के अत्यधिक विस्तार और विकराल स्वरूप के कारण समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं हो पा रहा था। अब नगर पालिका परिषद द्वारा अपनाए गए इस वैकल्पिक एवं सुनियोजित अभियान के सकारात्मक परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे हैं।

**लोकार्पण** | **मरीजों के परिजनों को न्यूनतम दरों पर मिलेगी ठहरने की सुविधा**

# अस्पताल में 84 .98 लाख लागत से निर्मित विश्रामालय का लोकार्पण



**बैतूल।** जिला अस्पताल परिसर में 84.98 लाख रुपये की लागत से निर्मित विश्रामालय का लोकार्पण केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य मंत्रालय दुर्गादास उईके, विधायक बैतूल एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य सुधाकर पवार एवं उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्री हंसराज धुर्वे के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज हुरमाड़े, सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे, डॉ. रानू वर्मा, डॉ. रूपेश पद्माकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री दुर्गादास उईके ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संवेदनशील नेतृत्व में विकास की अविरल धारा प्रवाहित हो रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे, यह केंद्र एवं राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल परिसर में लगभग 85 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस विश्रामालय में जिले के दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के परिजनों के रुकने की व्यवस्था की गई है। यहां भोजन सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं भी न्यूनतम दरों पर उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से मिली इस सौगात के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि जिला अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीज इलाजरत रहते हैं। ऐसे में उनके परिजनों को न्यूनतम दरों पर ठहरने की व्यवस्था हो, इसके लिए उन्होंने एवं सांसद दुर्गादास उईके ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट की थी। जिस पर मंत्री श्री प्रधान ने अपनी राज्यसभा निधि से तत्काल 80 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की थी। उन्होंने सभी की ओर से धर्मेंद्र प्रधान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विश्रामालय का संचालन रोगी कल्याण समिति द्वारा न्यूनतम दरों पर किया जाएगा। विश्रामालय के समीप शेष क्षेत्र में शेड एवं रेस्ट रूम की व्यवस्था भी की जाएगी, जहां न्यूनतम दरों पर स्वल्पाहार एवं भोजन उपलब्ध रहेगा। इससे मरीजों के परिजनों को बैठने एवं ठहरने में सुविधा होगी तथा अस्पताल का क्राउड मैनेजमेंट बेहतर हो सकेगा। सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि 30 बिस्तरीय विश्रामालय का लोकार्पण किया गया है।

# विधायक ने किया नई इकाई के स्थलों का निरीक्षण



**पाथाखेड़ा।** औद्योगिक विकास और स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्षेत्रीय विधायक ने सारनी में निर्माणाधीन नई विद्युत इकाई के विभिन्न स्थलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परियोजना की प्रगति, निर्माण कार्य की गुणवत्ता और निर्धारित समय-सीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने मेन प्लांट एरिया, बैचिंग प्लांट, बीएचईएल स्टोर यार्ड, साइट ऑफिस, आवासीय कॉलोनी तथा मछली कांटा बायपास रोड सहित परियोजना से जुड़े प्रमुख स्थलों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।निरीक्षण के बाद आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विधायक ने परियोजना प्रबंधन एवं प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि नई यूनिट से उत्पन्न होने वाले कुल रोजगारों में कम से कम 70 प्रतिशत अवसर स्थानीय युवाओं और क्षेत्रवासियों को दिए जाएं। उन्होंने कहा कि परियोजना का वास्तविक उद्देश्य केवल औद्योगिक विस्तार नहीं, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराना है। विधायक ने स्थानीय कुशल एवं अकुशल श्रमिकों को उनकी योग्यता के अनुसार प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा भागीदारी बढ़ने से पलायन रुकेगा और क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को नया बल मिलेगा।